| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | ~ | 82,948.23 |
| निफ्टी | ~ | 25,377.55 |
| सोना | ~ | 74,730 |
| चांदी | ~ | 91,000 |
| डॉलर | ~ | 83.70 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
गुरुवार 19 सितम्बर 2024
भाद्रपद शुक्ल 15 विक्रम सम्वत 2081
वर्ष 15, अंक 358
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

# एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रस्ताव कैबिनेट में मंजूर

## शीतकालीन सत्र में पेश हो सकता है विधेयक, विधानसभा-लोकसभा चुनाव साथ होंगे

नई दिल्ली। देश में लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव करवाने के लिए एक देश-एक चुनाव प्रस्ताव को बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। बिल शीतकालीन सत्र यानी नवंबर-दिसंबर में संसद में पेश किया जाएगा। कैबिनेट मीटिंग के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पहले फेज में विधानसभा और लोकसभा चुनाव साथ होंगे। इसके बाद 100 दिन के भीतर दूसरे फेज में निकाय चुनाव साथ कराए जाएं। लेकिन जानकारों का कहना है कि एक देश-एक चुनाव के लिए संविधान में पांच संसोधन जरूरी हैं। यानी एक देश-एक चुनाव के लिए अनुच्छेद 83, अनुच्छेद 85, अनुच्छेद 172, अनुच्छेद 174 और अनुच्छेद 356 को संसोधित करना पड़ेगा।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने लोकसभा चुनावों के ऐलान से पहले मार्च में यह रिपोर्ट पेश की थी। कैबिनेट के सामने रिपोर्ट पेश करना विधि मंत्रालय के 100 दिवसीय एजेंडे का हिस्सा था। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक राष्ट्र, एक चुनाव पर कोविंद समिति की रिपोर्ट स्वीकार कर लिया है। कोविंद समिति को एक साथ चुनाव कराने के लिए व्यापक समर्थन मिला है। मंत्रिमंडल ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव को मंजूरी दी है। उन्होंने यह भी कहा कि कोविंद समिति की सिफारिशों पर पूरे भारत में विभिन्न मंचों पर चर्चा की जाएगी। बड़ी संख्या में दलों ने एक साथ चुनाव कराने का समर्थन किया है। हम अगले कुछ महीनों में आम सहमति बनाने का प्रयास करेंगे।



### गृह मंत्री ने किया घोषणा

17 सितंबर को गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि सरकार इसी कार्यकाल में वन नेशन वन इलेक्शन लागू करेगी। 15 अगस्त को प्रधानमंत्री ने कहा था कि बार-बार चुनाव देश की प्रगति में बाधा पैदा कर रहे हैं। वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए बनाई गई पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी ने 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी। रिपोर्ट 18 हजार 626 पन्नों की है। पैनल 2 सितंबर 2023 को बनाया गया था। यह रिपोर्ट स्टेकहोल्डर्स-एक्सपर्ट्स से चर्चा के बाद 191 दिन की रिसर्च का नतीजा है। कमेटी ने सभी विधानसभाओं का कार्यकाल 2029 तक करने का सुझाव दिया है।

### चुनाव एक साथ कराने की सिफारिश

उच्च स्तरीय समिति ने पहले चरण के तौर पर लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की है। इसके 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव कराए जाने की बात कही गई है। समिति ने सिफारिशों के क्रियान्वयन पर विचार करने के लिए एक कार्यान्वयन समूह के गठन का भी प्रस्ताव रखा है। समिति के मुताबिक, एक साथ चुनाव कराने से संसाधनों की बचत होगी। विकास और सामाजिक सामंजस्य को बढ़ावा मिलेगा। लोकतांत्रिक ढांचे की नींव मजबूत होगी। इससे इंडिया, जो भारत है की आकांक्षाओं को साकार करने में मदद मिलेगी।

### ये संसोधन जरूरी

जानकारों का कहना है कि एक देश-एक चुनाव के लिए संविधान में भी संसोधन करना पड़ेगा। संविधान में जो संसोधन होंगे उनमें अनुच्छेद 83-संसद के सदनों की अवधि, अनुच्छेद 85-राष्ट्रपति द्वारा लोकसभा भंग करना, अनुच्छेद 172-राज्य विधानमंडलों की अवधि, अनुच्छेद 174- राज्य विधानमंडलों का विघटन और अनुच्छेद 356-राजरूों में राष्ट्रपति शासन को संसोधित करना पड़ेगा।

### एक समान मतदाता सूची की सिफारिश

समिति ने राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से चुनाव आयोग की ओर से एक समान मतदाता सूची और मतदाता पहचान पत्र तैयार करने की भी सिफारिश की थी। फिलहाल भारत का चुनाव आयोग लोकसभा और विधानसभा चुनावों को ही देखता है। नगर पालिकाओं और पंचायतों के लिए स्थानीय निकाय चुनाव राज्य चुनाव आयोगों की ओर से कराए जाते हैं। बताया गया कि समिति ने 18 संवैधानिक संशोधनों की सिफारिश की है, जिनमें से अधिकांश को राज्य विधानसभाओं से समर्थन की जरूरत नहीं होगी। हालांकि, इनके लिए कुछ संविधान संशोधन विधेयकों की जरूरत होगी, जिन्हें संसद से पारित कराना होगा।

### विधि आयोग भी अपनी रिपोर्ट लेकर आएगा

एकल मतदाता सूची और एकल मतदाता पहचान पत्र के संबंध में कुछ प्रस्तावित परिवर्तनों को कम से कम आधे राज्यों से समर्थन की जरूरत होगी। इसके अलावा विधि आयोग भी जल्द ही एक साथ चुनाव कराने पर अपनी रिपोर्ट लेकर आने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके पुरजोर सथर्मक रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, विधि आयोग सरकार के सभी तीन स्तरों लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और नगर पालिकाओं-पंचायतों जैसे स्थानीय निकायों के लिए 2029 से एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश कर सकता है। त्रिशंकु सदन जैसे मामलों में एकता सरकार (यूनिटी गवर्नमेंट) के प्रावधान की सिफारिश कर सकता है।

### कोविंद पैनल के सुझाव...

सभी राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल अगले लोकसभा चुनाव यानी 2029 तक बढ़ाया जाए। हंग असेंबली (किसी को बहुमत नहीं), नो कॉन्फिडेंस मोशन होने पर बाकी 5 साल के कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जा सकते हैं। पहले फेज में लोकसभा-विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं, उसके बाद दूसरे फेज में 100 दिनों के भीतर लोकल बॉडी के इलेक्शन कराए जा सकते हैं। चुनाव आयोग लोकसभा, विधानसभा, स्थानीय निकाय चुनावों के लिए राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से सिंगल वोटर लिस्ट और वोटर आई कार्ड तैयार करेगा। कोविंद पैनल ने एक साथ चुनाव कराने के लिए उपकरणों, जनशक्ति और सुरक्षा बलों की एडवांस प्लानिंग की सिफारिश की है।

# जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण में शाम 5 बजे तक 58.19 फीसदी मतदान हुआ

जम्मू। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में पहले चरण के लिए बुधवार शाम 6 बजे वोटिंग खत्म हुई। पहले चरण में 7 जिलों की 24 विधानसभा सीटों के लिए मतदान किया गया। शाम 5 बजे तक का मतदान प्रतिशत 58.19 फीसदी रहा। फाइनल आंकड़ा आना बाकी है। शाम 5 बजे तक आए आंकड़ों के मुताबिक, किश्तवाड़ में सबसे ज्यादा 77.23 फीसदी और पुलवामा में सबसे कम 43.87फीसदी वोटिंग हुई। आज 23.27 लाख वोटर्स को मतदान करना था। बिजबिहाड़ा विधानसभा सीट से पीडीपी की प्रत्याशी इल्तिजा मुफ्ती ने वोट डाला, वे पार्टी प्रमुख महबूबा मुफ्ती की बेटी हैं। किश्तवाड़ से बीजेपी की कैंडिडेट शगुन परिहार ने भी वोट डाला। दोपहर को शगुन ने आरोप लगाया था कि किश्तवाड़ के बागवान मोहल्ले में बिना पहचान पत्र के वोट डलवाए गए। इसके बाद माहौल गर्म हो गया, जिसके चलते कुछ देर वोटिंग रुकी रही। पहले फेज की वोटिंग को लेकर देश के अलग-अलग राज्यों में रहने वाले 35 हजार से ज्यादा विस्थापित कश्मीरी पंडितों ने भी वोट डाले। उनके लिए कुल 24 स्पेशल बूथ बनाए गए थे। दिल्ली 4, जम्मू 19 और उधमपुर में 1 बूथ था। कश्मीर में प्रमुख उम्मीदवारों में क्क मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के मोहम्मद यूसुफ तारिगामी कुलग्राम सीट से लगातार पांचवीं बार चुनाव लड़ रहे हैं। उनके अलावा कांग्रेस पार्टी के गुलाम अहमद मीर डूरू से तीसरी बार जबकि नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) की सकीना इटू दमहाल हाजीपोरा से चुनाव लड़ रहीं हैं। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के सरताज मदनी (देवसर) और अब्दुल रहमान वीरी (शांगस-अनंतनाग) भी प्रमुख उम्मीदवारों में शामिल हैं। बिजबेहरा विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रही पीडीपी की इल्तिजा मुफ्ती का नेशनल कॉन्फ्रेंस के बशीर अहमद वीरी और बीजेपी के सोफी मोहम्मद यूसुफ से मुकाबला है। पुलवामा सीट पर पीडीपी के वहीद पारा चुनाव लड़ रहे हैं। वह आतंकवाद के एक मामले में आरोपी हैं। उन्हें पार्टी के पूर्व सहकर्मी एवं नेकां उम्मीदवार मोहम्मद खलील से कड़ी चुनौती मिल रही है। प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी के पूर्व सदस्य तलत मजीद अली के भी मैदान में उतरने से मुकाबला दिलचस्प हो गया है। जम्मू-कश्मीर के विधानसभा क्षेत्रों के अनुसार पहले चरण में हुई वोटिंग के प्रतिशत पर नजर डाले तो अनंतनाग में 41.58 फीसदी, अनंतनाग (पश्चिम) में 45.93 फीसदी, बनिहाल में 68फीसदी, भद्रवाह में 65.27 फीसदी, डीएच पोरा में 65.21 फीसदी, देवसर में 54.73फीसदी, डोडा में 70.21 फीसदी, डोडा (पश्चिम) में 74.14 फीसदी, नीचे में 57.90 फीसदी, इंदरवाल में 80.06 फीसदी, किश्तवाड़ में 75.04 फीसदी, कोकेरनाग (एसटी) में 58 फीसदी, कुलगाम में 59.58 फीसदी, पैडर-नागसेनी में 76.80फीसदी, पहलगाम में 67.86फीसदी, पंपोर में 42.67फीसदी, पुलवामा में 46.22फीसदी, राजपोरा में 45.78फीसदी, रामबन में 67.34फीसदी, शांगस-अनंतनाग (पूर्व) में 52.94 फीसदी, शोपियां में 54.72फीसदी, श्रीगुफवारा-बिजबेहरा में 56.02 फीसदी, त्राल में 40.58 फीसदी और जैनापोरा में 52.64 फीसदी मतदान हुआ हैं।



## खास खबर

### भिवंडी में गणेश विसर्जन के दौरान पथराव

मुंबई। गणेश विसर्जन के दौरान महाराष्ट्र और राजस्थान में विवाद शुरू हो गया है। महाराष्ट्र के भिवंडी में गणेश विसर्जन के दौरान रैली पर पथराव किया गया। इसके बाद लोगों ने पत्थरबाजों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर विसर्जन रोक दिया है। राजस्थान के भीलवाड़ा में गणेश मूर्ति विसर्जित किए जाने के बाद पंडाल में जानवरों के अंग मिले। इसके बाद लोगों ने प्रदर्शन किया। भीलवाड़ा के शाहपुरा इलाके में स्कूल और बाजार बंद कर दिए गए हैं। महाराष्ट्र के भिवंडी इलाके में मंगलवार देर रात गणेश विसर्जन जुलूस पर कुछ लोगों ने पथराव किया। इसमें मूर्ति खंडित हो गई। ठाणे के एडिशनल कमिश्नर ज्ञानेश्वर चव्हाण ने बताया- मंगलवार रात करीब 12 बजे एक धर्मस्थल के पास कुछ लोगों ने पथराव कर दिया, इससे विसर्जन के लिए जा रही मूर्ति खंडित हो गई।

### हेलीकॉप्टर से कराया जाएगा कैलाश दर्शन

देहरादून। भारत से ही कैलाश पर्वत के दर्शन का इंतजार कर रहे श्रद्धालुओं के लिए बड़ी खबर है। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के ओल्ड लिपुलेख की पहाड़ियों से एमआई-17 हेलिकॉप्टर से अगले हफ्ते से कैलाश पर्वत के दर्शन शुरू हो जाएंगे। इसकी घोषणा 2-3 दिन में हो सकती है। इस यात्रा का खर्च 75 हजार रुपए होगा। कैलाश पर्वत चीन आधिपत्य वाले तिब्बत में है और व्यू पॉइंट से चीन बॉर्डर 10 किमी दूर है। व्यू पॉइंट की ऊंचाई 14 हजार फीट से अधिक है। इसलिए 55 साल की उम्र तक वालों को ही यात्रा कराई जाएगी।

### लेडी डॉन काजल खत्री अरेस्ट

नई दिल्ली। नोएडा में एयरलाइन के क्रू मेंबर की हत्या में लेडी डॉन को गिरफ्तार किया गया है। शूटर भेज कर जनवरी 2024 में नोएडा में एयरलाइंस में बतौर क्रू मेंबर काम करने वाले सूरजमान की हत्या करवाई थी। नोएडा और दिल्ली पुलिस की वांटेड रही लेडी डॉन काजल खत्री को दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। काजल खत्री जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर कपिल मान की गर्ल फ्रेंड है। लेडी डॉन काजल खत्री पर 25 हजार रुपये का इनाम था। 19 जनवरी 2024 को एयरलाइंस में काम करने वाले सूरजमान की 2 शूटर ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड की जांच में सामने आया था की काजल खत्री नाम की लेडी डॉन ने दोनों शूटर को हत्या के लिए हायर किया था।

### वैवाहिक बलात्कार को अपराध घोषित करने सम्बन्धी याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट ने हामी भरी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने वैवाहिक बलात्कार को अपराध घोषित करने की मांग सम्बन्धी याचिकाओं पर सुनवाई के लिए हामी भर दी है। हालांकि तारीख तय नहीं हुई है। लंबे समय से लंबित इस मामले पर वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह ने जल्द सुनवाई का आग्रह करते हुए कहा कि मामला सुनवाई के लिए अक्सर सूचीबद्ध होता है। लेकिन उस पर सुनवाई नहीं हो पाती। इसकी कोई तारीख तय कर दी जाए।

वहीं अन्य वकील करुणा नंदी ने कोर्ट को बताया कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के नोटिस पर केंद्र ने अभी तक अपना जवाब दाखिल नहीं किया है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि यदि केंद्र सरकार जवाब दाखिल नहीं कर रही है तो सरकार कानून के मुद्दे पर बहस करे।

## दिल्ली में एक इमारत का हिस्सा ढहा, कई लोगों के दबे होने की आशंका

नई दिल्ली। दिल्ली के भीड़ वाले इलाके करोल बाग में एक मकान का कुछ हिस्सा ढह गया और मलबे में कुछ लोगों के दबे होने की आशंका है। हादसा होने के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड टीम पहुंची। दिल्ली अग्निशमन सेवा ने सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन में सहायता के लिए पांच गाड़ियां घटनास्थल पर भेजी गईं। दिल्ली फायर ब्रिगेड को बुधवार सुबह इमारत ढहने की सूचना मिली। यह हादसा ऐसे वक्त में हुआ जब दिल्ली में भारी बारिश जारी है। पिछले महीने इसी तरह की एक घटना में, दिल्ली के मॉडल टाउन में भारी बारिश के दौरान पुनर्निर्माण के लिए ध्वस्त की जा रही एक जर्जर इमारत के ढहने से तीन लोग घायल हो गए थे।

# हरियाणा में कांग्रेस ने जारी किया गारंटी पत्र

## महिलाओं को हर माह दो हजार...गरीबों को सौ गज जमीन

चंडीगढ़। हरियाणा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने गारंटी पत्र जारी कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने बुधवार को पार्टी की सात गारंटियां गिनाई हैं। कांग्रेस का कहना था कि राज्य में अगर हमारी सरकार बनती है तो गरीबों को दो कमरे का मकान दिया जाएगा और हर महीने महिलाओं को 2 हजार रुपए दिए जाएंगे। हरियाणा कांग्रेस प्रमुख उदय भान का कहना था कि बीजेपी के शासन में हरियाणा में अपराध बढ़ गए हैं। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए दो हजार रुपए प्रति माह दिए जाएंगे। 18 वर्ष से 60 वर्ष की महिलाएं पात्र होंगी। महंगाई का बोझ कम करने के लिए 500 रुपए में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। लोगों की कठिनाई कम करने के लिए बुजुर्गों, दिव्यांगों और विधवाओं को 6 हजार रुपए पेंशन देगी। रिटायर्ड कर्मचारियों का जीवन आसान बनाने के लिए ओपीएस लागू किया जाएगा। युवाओं को बेहतर भविष्य दिया जाएगा। 2 लाख खाली पदों को भरा जाएगा। हरियाणा को नशा मुक्त बनाया जाएगा। 300 यूनिट फ्री बिजली दी जाएगी।

उदयभान ने आगे कहा, चिरंजीवी योजना की तर्ज पर 25 लाख रुपये का मुफ्त इलाज कराया जाएगा। गरीब परिवारों को 100 गज के प्लॉट दिए जाएंगे। हम कानूनी एमएसपी गारंटी सुनिश्चित करेंगे।

### हरियाणा के लिए कांग्रेस की गारंटी

300 यूनिट तक मुफ्त बिजली और 25 लाख रुपए तक मुफ्त चिकित्सा उपचार दिया जाएगा। महिलाओं को हर महीने 2 हजार रुपए दिए जाएंगे। 500 रुपए में सिलेंडर प्रदान किया जाएगा। 2 लाख रिक्त पदों पर भर्ती की जाएंगी। नशा मुक्त हरियाणा पहल की जाएगी। वृद्धावस्था, दिव्यांगता और विधवा पेंशन 6000 रुपए होगी। पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली होगी। जाति जनगणना कराई जाएगी। क्रीमीलेयर की सीमा 10 लाख रुपए तक बढ़ाई जाएगी। न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी दी जाएगी। तत्काल फसल मुआवजा मिलेगा। गरीबों के लिए आवास लाएंगे। 100 गज का प्लॉट दिया जाएगा. 3.5 लाख रुपये की लागत वाला 2 कमरों का घर दिया जाएगा।

अमित शाह ने किया बड़ा ऐलान : बोले-

# हर एक अग्निवीर को मिलेगी नौकरी

फरीदाबाद। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अग्निवीरों के लिए बड़ा ऐलान किया है। हरियाणा की चुनावी रैली में उन्होंने कहा कि सेना से आने वाले हर अग्निवीर को नौकरी मिलेगी। देश में इनके लिए 20 फीसदी आरक्षण कर दिया है और जो बचेंगे उन सभी को हरियाणा में नौकरी दी जाएगी। गृहमंत्री ने कहा कि हरियाणा को जवान, किसान, खिलाड़ियों के लिए जाना जाता है। सेना में हरियाणा के जवान ज्यादा हैं। हरियाणा देश का गौरव है। देश की जनता का पेट हरियाणा का किसान भरता है और मेडल लेकर हरियाणा का खिलाड़ी दुनिया में नाम रोशन कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाए कि कांग्रेस झूट फैला रही है।



शाह मंगलवार शाम फरीदाबाद के सेक्टर-12 में आयोजित भाजपा की चुनाव रैली में बोल रहे थे। इस मौके पर जिला फरीदाबाद की सभी छह विधानसभा सीटों पर खड़े भाजपा के उम्मीदवारों सहित केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल भी मौजूद थे। शाह ने कहा कि वह भूपेंद्र सिंह हुड्डा से पूछना चाहते हैं कि सैनिकों की धरती हरियाणा में कांग्रेस ने वन रैंक वन पेंशन क्यों नही दी। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने वन रैंक वन पेंशन को लागू किया। अमित शाह ने कहा कि जब तक भाजपा की सरकार है तब तक कश्मीर से हटाई 370 की धारा को दोबारा कोई नहीं लगा सकता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भी भारत का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। अमित शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के उम्मीदवारों की जनसभाओं में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लग रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी विदेश जाकर देश को बदनाम करने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस कश्मीर में जेल के अंदर बंद आतंकियों को छुड़वाना चाहती है और कश्मीर से हटाई गई धारा 370 को दोबारा लगाना चाहती है, जिसे भाजपा किसी कीमत पर नहीं होने देगी।

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने किया बदलाव-

# अब मप्र हाई कोर्ट के जज होंगे न्यायमूर्ति कैत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित 11 जुलाई के अपने प्रस्ताव में मंगलवार को बदलाव किया। खबर है कि सरकार की तरफ से मिली संवेदनशील जानकारी में खास बात देखते हुए कॉलेजियम ने फैसले पर दोबारा विचार किया है। दिल्ली उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति कैत की पहले जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति की सिफारिश की गई थी। अब उन्हें मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की गई है। कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति संधावालिया को पहले मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की थी। अब उन्हें हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की गई है। न्यायमूर्ति ताशी राबस्तान को मेघालय उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की गई थी। कॉलेजियम ने अब उन्हें जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है।



कॉलेजियम ने कहा कि वर्तमान प्रस्ताव 11 जुलाई को न्यायमूर्ति मनमोहन, न्यायमूर्ति राजीव शकधर, न्यायमूर्ति नितिन मधुकर जामदार और न्यायमूर्ति के आर श्रीराम के संबंध में की गई सिफारिशों को प्रभावित नहीं करेगा। बीते सप्ताह ही अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने सीजेआई की अगुवाई वाली बेंच को बताया था की 7 उच्च न्यायालयों में मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति में देरी को सही ठहराने के लिए उनके पास कुछ सामग्री है। उनका कहना था कि सामग्री संवेदनशील है और सीलबंद लिफाफे में रखने की बात कही थी। सीजेआई यानी भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाले कॉलेजियम में जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस बीआर गवई भी शामिल हैं। उन्होंने पूर्व में की गई कई अपनी सिफारिशों में बदलाव किए हैं। कॉलेजियम ने सात उच्च न्यायालयों दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख, केरल, मध्यप्रदेश, मद्रास और मेघालय के मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए नामों की सिफारिश की थी। इस बीच, कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत, न्यायमूर्ति जी एस संधावालिया और न्यायमूर्ति ताशी राबस्तान की नियुक्ति के संबंध में अपनी सिफारिशों में बदलाव करने का निर्णय लिया।

## लैंड फॉर जॉब केस में अब तेजप्रताप फंसे

नई दिल्ली। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने जमीन मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव और अन्य आरोपियों को समन जारी किया है। पहली बार कोर्ट ने इस मामले में लालू के बड़े बेटे तेजप्रताप, अखिलेश्वर सिंह और उनकी पत्नी किरण देवी को भी समन भेजा है। कोर्ट ने यह भी कहा है कि तेजप्रताप यादव की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता। वह एके इंफोसिस लिमिटेड के निदेशक भी थे। प्रवर्तन निदेशालय ने 6 अगस्त को 11 आरोपियों के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दायर किया था। इनमें से 4 की मौत हो चुकी है। इसमें लल्लन चौधरी, हजारी राय, धर्मेंद्र कुमार, अखिलेश्वर सिंह, रविंदर कुमार, स्व. लाल बाबू राय, सोनमतिया देवी, स्व. किशुन देव राय और संजय राय शामिल हैं। लल्लन चौधरी की पत्नी ने पति की मृत्यु से जुड़ी पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी कोर्ट में प्रस्तुत की है।

# आतिशी 21 सितंबर को शपथ ले सकती हैं

## -एलजी ने केजरीवाल का इस्तीफा राष्ट्रपति को भेजा; एक हफ्ते में सरकारी मकान छोड़ेगे अरविंद

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने बुधवार को अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को मंजूरी के लिए भेज दिया है। साथ ही उन्होंने नई मुख्यमंत्री आतिशी के शपथ ग्रहण के लिए 21 सितंबर की तारीख का प्रस्ताव भी राष्ट्रपति को भेजा है। इधर, मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे चुके अरविंद केजरीवाल अपना सरकारी आवास छोड़ेंगे। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने बुधवार को कहा कि हमने सुरक्षा को लेकर उनसे कहा कि सरकारी आवास ना छोड़ें, लेकिन वे नहीं माने।



एक दिन पहले 17 सितंबर को आप विधायक दल की मीटिंग में आतिशी को मुख्यमंत्री चुना गया था। इसके बाद केजरीवाल ने शाम को एलजी विनय सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंप दिया था।

### केजरीवाल पर कई बार हमले हुए, हमें चिंता

संजय सिंह ने कहा कि केजरीवाल अपनी सभी सरकारी सुविधाएं छोड़ने जा रहे हैं। हम लोगों को चिंता है। केजरीवाल पर कई बार हमले हो चुके हैं। जब उनके माता-पिता घर में थे, तब भी उन पर हमला हुआ है। अभी यह तय नहीं हुआ है कि केजरीवाल कहां रहेंगे। उन्होंने कहा है कि वे जनता के बीच रहेंगे, जगह अभी तय नहीं है।

## जेईई एडवांस्ड टॉपरों की पहली पंसद बना आईआईटी बॉम्बे

मुंबई। आईआईटी बॉम्बे इस साल भी जेईई एडवांस्ड टॉपरों की पहली पसंद रहा है। जेईई एडवांस्ड के पहली 100 रैंक पाने वाले छात्रों में से 72 ने आईआईटी बॉम्बे को पंसद किया है। वहीं, आईआईटी बॉम्बे के बीटेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग कोर्स का जलवा बना हुआ है। जेईई एडवांस्ड के सभी 10 ऑल इंडिया टॉपरों ने आईआईटी बॉम्बे पवई कैंपस में बीटेक इन कंप्यूटर साइंस कोर्स में दाखिला लिया है। टॉप 25 रैंकर्स में से 24 स्टूडेंट्स ने और टॉप 50 में से 47 स्टूडेंट्स ने आईआईटी बॉम्बे पवई कैंपस को चुना है।

आंकड़ों के अनुसार जेईई एडवांस 2024 में शीर्ष 1,000 ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) पाने वालों में से कुल 246 छात्रों ने सीट आवंटन के अंतिम दौर के बाद आईआईटी बॉम्बे को चुना। 246 छात्रों में से 29 लड़कियां हैं, बाकी शेष 217 लड़के हैं।

# आदिवासी सगाजनों ने शहीद शंकरशाह, रघुनाथ शाह को किया नमन

## शहीद बिरसा मुण्डा सामुदायिक भवन में मनाया गया १६७ वॉ बलिदान दिवस





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय के जनपद पंचायत कार्यालय के सामने स्थित शहीद बिरसा मुण्डा सामुदायिक भवन में म.प्र. आदिवासी विकास परिषद लालबर्रा के तत्वाधान में १८ सितंबर को गोंडवाना साम्राज्य के वीर राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह का १६७ वॉ बलिदान दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद लालबर्रा के पदाधिकारियों एवं समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम उपस्थितजनों के द्वारा बड़ादेव की पूजा अर्चना की तत्पश्चात राजा शंकरशाह, पुत्र रघुनाथ शाह मड़ावी एवं अन्य महापुरूषों के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर पूजन-अर्चन करते हुए नमन किया और गोंडवाना साम्राज्य के अमर शहीदों के सम्मान में नारे लगाते हुए उनके बताये गये मार्गो पर चलने का संकल्प लिया। चर्चा में म.प्र. आदिवासी विकास परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि गोंडवाना साम्राज्य के राजा शंकरशाह एवं रघुनाथ शाह दोनों बाप-बेटों को बीच चौराहों में दर्दनाक मौत दी गई थी यानि दोनों देश के लिए शहीद हो गये थे तब से प्रतिवर्ष आदिवासी सगाजनों के द्वारा १८ सितंबर को बलिदान दिवस मनाकर उन्हे याद किया जाता है। इसी कड़ी में लालबर्रा में भी अमर शहीद शंकर शाह एवं रघुनाथ शाह का बलिदान दिवस मनाया गया एवं संकल्प लिया गया कि उनके द्वारा बताये गये मार्गो पर चलकर सभी को संगठित कर समाजोत्थान के क्षेत्र में काम करेंगें। म.प्र. आदिवासी विकास परिषद लालबर्रा सचिव अनिल उइके ने बताया कि शहीद राजा शंकर शाह एवं रघुनाथ शाह का १६७ वां बलिदान दिवस मनाकर उन्हे याद किया गया। जिसके बाद खैरगोंदी एवं चिचगांव में भी बलिदान दिवस मनाया गया। साथ ही यह भी बताया कि शहीद राजा शंकर शाह एवं रघुनाथ शाह ने देश की आजादी में अपनी अहम भूमिका निभाई है और देशहित में जो अपना योगदान दिये है उसे भुलाया नही जा सकता है, उनके बलिदान दिवस पर यही संदेश देना चाहते है सभी उनके बताये मार्ग पर चलकर समाज एवं देशहित में काम करें और उनकी वीरगाथाओं के बारे में अपने बच्चों को अवगत करवाये। इस अवसर पर म.प्र. आदिवासी विकास परिषद कार्यवाहक अध्यक्ष, जनपद सदस्य प्रतिनिधि झनकारसिंह उइके, सचिव अनिल उइके, ताराचंद कावड़े, चैनसिंह, अभिषेक मर्सकोले, रविन्द्र उइके, मंगलेश पन्द्रे, दयाराम कंगाली, देवानंद बोरकर, जितेन्द्र तरवरे, जैनेन्द्र गजभिये एवं तुलसीदास सहित अन्य स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

# जबलटोला (नगपुरा) में राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम का हुआ आयोजन



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से ६ किमी. दूर ग्राम पंचायत नगपुरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम जबलटोला स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक २ में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा बुधवार को राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जनपद सदस्य हरिशंकर बनवारी, सरपंच श्रीमती अनिता लिल्हारे, पंच श्रीमती अनिता चौधरी, पर्यवेक्षक श्रीमती कामना वर्मा एवं अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर पोषण माह कार्यक्रम के तहत पोषण मटका, पोषण टोकनी, पोषण प्रदर्शनी, पोषण प्रसाद एवं जन प्रतिनिधियों के स्वागत के लिये पोषण गुलदस्ते तैयार किये गये। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती कामना वर्मा द्वारा बच्चों को शारीरिक, मानसिक, नैतिक, आध्यात्मिक व अनुशासन के बारे में बताने के साथ ही पोषण आहार के बारे भी जानकारी दी गई। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा उपस्थितजनों एवं माताओं को बताया गया कि बच्चों के वजन में वृध्दि की निगरानी रखने आंगनवाड़ी केन्द्र में प्रतिमाह बच्चों का वजन, ऊंचाई का माप किया जाता है। कुपोषित बच्चों के अभिभावकों को एनआरसी में उपचार करवाने के लिये प्रेरित किया जाता है। वहीं राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम के अवसर पर स्वस्थ बच्चें बालक-बालिकाओं को पुरस्कृत भी किया गया। साथ ही ६ माह के बच्चों का अन्नप्रासन भी करवाया गया एवं बच्चों को मोटा अनाज, अंकुरित अनाज, गुड़, मुरमुरा व चना एवं मौसमी फलों का प्रसाद के रूप में वितरण किया गया। आपकों बता दे कि महिला एवं बाल विकास परियोजना लालबर्रा अधिकारी श्रीमति रानु शिवहरे के निर्देशानुसार लालबर्रा विकासखण्ड स्थित समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों में १ सितंबर से ३० सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम को जन आंदोलन के रूप में मनाया जाना है। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती लक्ष्मी कुराहे, श्रीमती गीता महेरवान, श्रीमती गीता भौतेकर सहित महिलाएं एवं बच्चें उपस्थित रहे।

# भाजपाईयों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर अस्पताल में मरीजों को बांटे फल

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर लालबर्रा के भाजपाईयों के द्वारा १८ सितंबर को अस्पताल में मरीजों को फल का वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लालबर्रा में एकत्रित हुए जिसके बाद अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना एवं फल वितरित कर जल्द स्वस्थ होने और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दीर्घायु की कामना की। भाजपा के पदाधिकारियों ने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के दिन १७ सितंबर से स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ किया गया है जिसका समापन २ अक्टूबर को किया जायेगा और इस दौरान विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें एवं १७ सितंबर को स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही यह भी बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा देश के विकास हित में अनेकों काम किये जा रहे है एवं विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है जिसका लाभ हर वर्ग को मिल रहा है। साथ ही देश के प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर आज भाजपा पदाधिकारियों के द्वारा लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती मरीजों को फल का वितरण कर उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की गई है। जनपद उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल ने बताया कि विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता एवं भारत के तीसरे बार के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का ७४ वां जन्मदिन लालबर्रा के पदाधिकारियों के द्वारा मनाया गया है और प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर १७ सितंबर से २ अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। श्री पालीवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने स्वच्छता को लेकर कई अहम कदम उठाये है और देशवासियों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया गया है, १८ सितंबर को लालबर्रा के भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर लालबर्रा अस्पताल में मरीजों को फल का वितरण कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई हैं। इस अवसर पर जनपद पंचायत लालबर्रा उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सरिता माते, पनबिहरी सरपंच वीरेन्द्र बनवाले, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र अवधिया, अमोली सरपंच किशोर पडवार, राजेश गोस्वामी, श्रीमती अनिता अग्रवाल, संजीव अवधिया, मुकेश देशमुख, देवराज कडोकर सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# दूसरे दिन भी भक्तिभाव के साथ सिध्दि विनायक को दी गई विदाई

## शोभायात्रा निकालकर तालाब, नदी और नहरों में प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में आस्थापूर्वक एवं भक्तिभाव के साथ गणेशोत्सव पर्व मनाया गया। वहीं पर्व दूसरे दिन बुधवार को भी सिध्दि विनायक भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन करने का दौर जारी है। इस अवसर पर सार्वजनिक समिति एवं घरों में विराजित भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाओं की डीजे व बैंडबाजों की धून के साथ शोभायात्रा निकालकर नगर एवं ग्राम का भ्रमण करवाया गया। इस दौरान भक्तजनों के द्वारा जमकर नृत्य एवं रंग-गुलाल उड़ाते हुए गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ सहित अन्य नारे लगाते हुए तालाब, नदी व टूटी वीयर बड़ी नहर पहुंचे तत्पश्चात आरती कर प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया और यह विसर्जन का दौर बुधवार को भी देरशाम तक जारी रहा। इसी तरह नगर मुख्यालय से ४ किमी. दूर ग्राम पंचायत ददिया के अंतर्गत आने वाले आमाटोला एवं घोटी के सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति के द्वारा बुधवार को भगवान श्रीगणेश प्रतिमा विसर्जन करने के लिए शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान समिति के पदाधिकारी, सदस्य व भक्तजन फिल्मी एवं भक्ति गीतों की धुन पर जमकर थिरके और यह शोभायात्रा ग्राम का भ्रमण करते हुए तालाब व सर्राटी नदी पहुंची। जहां विसर्जन के पहले भक्तजनों के द्वारा विधि-विधान से भगवान श्रीगणेश की आरती के बाद गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष के साथ प्रतिमा का विसर्जन किया।

### औल्याकन्हार में हवन-पूजन का हुआ आयोजन

नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत औल्याकन्हार में नवयुवक गणेशोत्सव समिति के द्वारा गत दिवस विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा विराजित कर गणेशोत्सव पर्व आस्थापूर्वक मनाया गया। १७ सितंबर को सार्वजनिक गणेशोत्सव पंडाल में दोपहर में हवन-पूजन एवं भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंड़ित के द्वारा हवन-पूजन संपन्न करवाया गया और ग्रामीणजनों ने हवनकुण्ड में आहुति डाला तत्पश्चात आरती कर महाप्रसादी का वितरण किया गया और ग्रामीणजन व श्रध्दालुजनों ने भंडारा रूपी महाप्रसादी ग्रहण कर धर्मलाभ अर्जित किये। जिसके बाद लंबोदर महाराज की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर नवयुवक गणेशोत्सव समिति के पदाधिकारी व श्रध्दालुजन उपस्थित रहे।

# खमरिया क्षेत्र में भक्तिभाव के साथ भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन



खमरिया/लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खमरिया, रटेगांव, पांडेवाड़ा, पुंजारीटोला सहित ग्रामीण अंचलों में १७ सितंबर को भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा विसर्जित कर १० दिवसीय गणेशोत्सव पर्व का समापन किया गया। खमरिया सहित ग्रामीण अंचलों में गत दिवस प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा स्थापना कर १० दिवस तक श्रध्दालुओं के द्वारा आराधना की गई और मंगलवार से प्रतिमा विसर्जन का क्रम प्रारंभ हुआ जो दुसरे दिन बुधवार को भी देरशाम तक जारी रहा। इस अवसर पर सार्वजनिक समितियों एवं घरों में विराजित प्रतिमाओं को श्रध्दालुओं के द्वारा डीजे की धुन पर शोभायात्रा निकालकर अगले बरस तू जल्दी आ नारों के साथ विदाई दिये। यह विदाई का दौर दो दिनों तक खमरिया क्षेत्र में चला। इस दौरान भक्तजनों के द्वारा लंबोदर महाराज की प्रतिमा को नदी, तालाबों में लेकर पहुंचे जहां आरती करने के पश्चात विसर्जित किया गया। गणेशोत्सव पर्व की खमरिया सहित ग्रामीण अंचलों में धुम रही और चहुंओर गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों से गुंजमान्य रहा क्षेत्र। वहीं पुंजारीटोला में प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रीगणेश उत्सव समिति अध्यक्ष दीपसिंह वरकड़े, सचिव सिरेश तेकाम, सदस्य महेन्द्र मेश्राम, चंदन तेकाम, सुरपाल मर्सकोले, सुन्दर तेकाम, संदीप मड़ावी, भगलसिंह वल्के, बंशी कुमले, कंशी कुमले, राजाराम मड़ावी, खिलेन्द्र उयके, चैनसिंह खुडसाम, अंकित कोरचे, बराती कुमले, सेवक उयके, रविन्द्र भलावी, राजपाल तेकाम, महेश बडगे, शेरसिंह तेकाम सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# सीएम राइज शास. उत्कृष्ट विद्यालय में तिमाही परीक्षा हुई शुरू



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार १८ सितंबर से शासकीय स्कूलों में कक्षा ९ वीं से १२ वीं वीं तक की तिमाही परीक्षा शुरू हो चुकी है। इसी कड़ी में नगर मुख्यालय स्थित सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट उन्चतर माध्यमिक विद्यालय में १८ सितंबर से कक्षा ९ वीं से १२ वीं तक की बोर्ड पैटर्न में तिमाही परीक्षा प्रारंभ हो चुकी है और यह परीक्षा दो पालियों में ली जा रही है। जिसमें प्रात: ९ बजे से १२ बजे तक कक्षा ९ वीं, १० वीं एवं दोपहर २ से ५ बजे तक कक्षा ११ वीं व १२ वीं की परीक्षा संपन्न हो रही हैं। प्रथम दिन कक्षा ९ वीं व १० वीं के विद्यार्थियों ने हिन्दी विषय एवं कक्षा ११ वीं, १२ वीं के विद्यार्थियों ने भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र एवं पशुपालन का प्रश्नपत्र हल किये और यह परीक्षा बोर्ड पैटर्न पर ली जा रही है। चर्चा में सीएम राइज शास. उत्कृष्ट विद्यालय लालबर्रा के प्राचार्य लक्ष्मीचंद मानवटकर ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार १८ सितंबर से तिमाही परीक्षा शुरू हो चुकी है और यह परीक्षा दो पालियों में ली जा रही है जिसमें प्रात: ९ से दोपहर १२ बजे तक कक्षा ९ वीं व १० वीं की एवं दोपहर २ से ५ बजे तक कक्षा ११ वीं व १२ वीं की परीक्षा संपन्न हो रही है और प्रथम दिन कक्षा ९ वीं व १० वीं के विद्यार्थियों ने हिन्दी विषय एवं कक्षा ११ वीं, १२ वीं के विद्यार्थियों ने भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र व पशुपालन विषय का शांतिपूर्वक पर्चा हल किये और यह परीक्षा आगामी समय तक जारी रहेगी।

# जनपद शिक्षा केन्द्र में शिविर का हुआ आयोजन



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित जनपद शिक्षा केन्द्र में आईडी विहीन छात्र-छात्राओं की समग्र आईडी बनाने के लिए १८ सितंबर को शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर तहसीलदार संजयसिंह बारस्कर, बीआरसी श्रीराम तुरकर की उपस्थिति में प्रारंभ हुई। आयोजित शिविर में शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं जिनका समग्र आईडी नंबर नही बन पाया है ऐसे छात्र-छात्राओं की समग्र आईडी बनाने का कार्य किया गया है ताकि उन्हे शासन की योजना का लाभ मिल सके। आपकों बता दे कि शासन के द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को शासन की योजना का लाभ लेने के लिए समग्र आईडी एवं आधार नंबर होना अनिवार्य है परन्तु लालबर्रा विकासखण्ड के ४८ बच्चों के समग्र आईडी नही होने के कारण शिक्षा विभाग के पोर्टल में उनके नंबर दर्ज करने सहित शासन की योजनाओं का लाभ दिलवाने में शिक्षकों को परेशानी हो रही थी। इसलिए कलेक्टर के निर्देश पर १८ सितंबर को जनपद शिक्षा केन्द्र लालबर्रा में आईडी विहीन छात्र-छात्राओं के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया और राजस्व विभाग, जनपद एवं शिक्षा विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से आईडी विहीन बच्चों के आवेदन लेकर उनकी समग्र आईडी बनाने का कार्य किया गया और समग्र आईडी बन जाने से बच्चों को शासन की योजना का लाभ मिलेगा। चर्चा में बीआरसी श्रीराम तुरकर ने बताया कि श्रीराम तुरकर ने बताया कि आईडी विहीन छात्र-छात्राओं के समग्र आईडी बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया है और लालबर्रा विकासखण्ड में ४८ बच्चों की समग्र आईडी नही बन पाई है जिनके आईडी बनाये जा रहे है जिससे सभी को शासन की योजना का लाभ मिलेगा।

# लालबर्रा में ५० बिस्तर का अस्पताल हुआ स्वीकृत, विधायक श्रीमती मुंजारे का आभार - अनीस



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश शासन भोपाल द्वारा बालाघाट जिले में चार अस्पतालों की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालबर्रा भी शामिल है। चर्चा में जिला पंचायत विधायक प्रतिनिधि, पांढरवानी सरपंच अनीस खान ने बताया कि लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को ५० बिस्तर का अस्पताल बनाने सहित अन्य मांगों को लेकर बालाघाट विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने बीते विधानसभा सत्र में लालबर्रा की मूलभूत आवश्यकताओं व समस्याओं को दम खम से पटल पर रखा था। जिसके परिणाम स्वरूप लालबर्रा में ५० बिस्तर वाले अस्पताल की स्वीकृति प्रदान की गई है। श्री खान ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे जी की मांग पर राज्य शासन द्वारा १५ वें वित्त आयोग फंड से लालबर्रा में ५० बिस्तर वाले अस्पताल की स्वीकृति प्राप्त हुई है जिससे सम्पूर्ण क्षेत्र में हर्ष का माहौल व्याप्त है। वहीं लालबर्रा में नये बड़े अस्पताल हेतु शासन द्वारा ९ करोड़ ९५ लाख रूपये स्वीकृत किये गये है और लालबर्रा क्षेत्र को मिली इस बड़ी सौगात पर सम्पूर्ण क्षेत्रवासियों की ओर से विधायक प्रतिनिधि व लालबर्रा सरपंच अनीस खान ने विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे का आभार जताया है।

कंजई में "पद्मेश"

इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें

Mo. 8319969927

# मप्र कांग्रेस के नेताओं को मिली बड़ी जिम्मेदारी

## चार राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव में मप्र के नेताओं की मांग

भोपाल। देश की चार राज्य जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन राज्यों में विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी और कांग्रेस दोनों ही पार्टियां पूरी ताकत झोंक रही है। अखिल भारती कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) मध्य प्रदेश के नेताओं को भी इन चार राज्यों में जिम्मेदारी सौंप रही है। खास बात यह है कि कांग्रेस पार्टी इन चुनावो में मध्य प्रदेश के युवा नेताओं, पूर्व विधायकों को बड़ी जिम्मेदारी दी जा रही है। इनमें प्रमुख रूप से कुणाल चौधरी को महाराष्ट्र विदर्भ की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं पूर्व विधायक पीसी शर्मा को भी महाराष्ट्र की जिम्मेदारी की दी गई है। पूर्व विधायक विपिन वानखेड़े को महाराष्ट्र







भेजा गया है। जबकि युवा और आदिवासी नेता डॉ. विक्रांत भूरिया को झारखंड की जिम्मेदारी सौंप गई है। वहीं युवा नेता और प्रदेश प्रवक्ता अब्बास हाफिज को जम्मू कश्मीर में जिम्मेदारी सौंप गई है। जबकि चित्रकूट के पूर्व विधायक नीलांशु चतुर्वेदी को हरियाणा भेजा गया है।

मध्य प्रदेश में एक समय था जब यहां के बड़े दिग्गज नेताओं को दूसरे राज्यों की जिम्मेदारी दी जाती थी, लेकिन कुछ समय से प्रदेश के युवा नेतृत्व पर विश्वास किया जा रहा है। एआईसीसी इससे पहले सीनियर नेता कमलनाथ से प्रदेश की कमान लेकर युवा नेता जीतू पटवारी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया था। वहीं अब दूसरे राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में भी बड़े नेताओं की जगह युवा और अपनी अलग पहचान रखने वाले नेताओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। युवा नेताओं को दूसरे राज्यों में प्रचार प्रसार के लिए भेजा जा रहा है। जानकारी के अनुसार कुछ और युवा नेताओं को चार राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव में भेजा जा सकता है। हालांकि कुछ सीनियर नेताओं को भी जिम्मेदारी दी जा रही है।

### विक्रांत भूरिया को आदिवासी वोट साधने की जिम्मेदारी

मध्य प्रदेश के युवा और आदिवासी नेता डॉ विक्रांत भूरिया को झारखंड की जिम्मेदारी सौंप गई है। झारखंड में आदिवासियों का वोट ज्यादा है। यही वजह है कि उन्हें झारखंड भेजा गया है। पिछले चुनाव में आदिवासी वोटरों की वजह से ही बीजेपी को सत्ता से बाहर होना पड़ा था। इधर युवा नेता और प्रदेश प्रवक्ता अब्बास हाफिज को जम्मू कश्मीर में मुस्लिम वोटों को साधने के लिए भेजा गया है। इसी प्रकार पूर्व मंत्री पीसी शर्मा को महाराष्ट्र की ब्राह्मण वोट को साधने भेजा गया है।

# ग्रीन इंडिया मिशन के तहत किया पौधरोपण

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। दक्षिण सामान्य वनमंडल बालाघाट के वन परिक्षेत्र वारासिवनी सामान्य के अंतर्गत ग्रीन इंडिया मिशन व स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मंगलवार को वनस्पति उद्यान गर्रा में एक पेड मॉं के पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं मातृशक्ति के प्रति सम्मान न केवल हमारी जिम्मेदारियों का अहसास कराता है बल्कि मॉं के प्रति हमारे प्यार और आदर को भी प्रदर्शित करता है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मॉं के सम्मान में एक पेड लगाने के लिये प्रेरित करना और पेड की देखभाल उसी तरह करना है जिस तरह एक मॉं अपने



बच्चों की देखभाल करती है। इस दौरान मुख्य वनसंरक्षक बालाघाट वनवृत्त एसपीएस सेंगर, पुलिस उप महानिरीक्षक श्री मुकेश श्रीवास्तव व सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट न्यायालय श्री सुरेन्द्र सिंह गुर्जर के साथ ही विभागों के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# सरकार को निजी उडनखटोलों में ही भरनी होगी उड़ान

भोपाल। प्रदेश की मोहन सरकार को इस साल भी किराए के उडनखटोले से उड़ान भरनी होगी। इसके लिए उसे हर घंटे तीन लाख रुपए का भुगतान करना होगा। इसके लिए राज्य सरकार ने किराए पर विमान एवं हेलीकॉप्टर लेने के लिए दस निजी एविएशन कंपनियों का एम्पेनलमेंट किया है। इसके लिए बजट में 71 करोड़ रुपयों से अधिक का प्रविधान किया है। विमान अगर उपयोग नहीं किया जाता है तो भी कंपनी को दो घंटे का किराया भुगतान करना होगा। एविएशन कंपनी से एम्पेनलमेंट करते समय इस शर्त का भी पालन करना होगा। हालांकि राज्य सरकार द्वारा विमान और हेलीकॉप्टर खरीदने की प्रक्रिया भी शुरू की जा चुकी है।

दरअसल प्रदेश सरकार के हवाई बेड़े में अभी महज 12 साल पुराना एक हेलिकॉप्टर है। इस हेलिकॉप्टर में मध्य प्रदेश की सरकार सफर कर रही है। इसमें दो पायलट और छह पैसेंजर के बैठने की क्षमता है। इसके अतिरिक्त सरकार जरुरत पड़ने पर किराए पर विमान लना पड़ रहा है। सरकार द्वारा जिन कंपनियों से अनुबंध किया गया है, उनमें अमन एविएशन एंड एयरोस्पेस स ा ल य ु श ा ं स

### हर घंटे के लिए देने होंगे तीन लाख रुपए

प्रालि. मुंबई, एरो एयरक्राफ्ट सेल्स एंड चार्टर्स प्रालि., ओखला इंडस्ट्रियल एरिया नई दिल्ली, मेगनस एयर सर्विसेस हरियाणा, सारथी एयरवेज पालम नई दिल्ली, शाश्वत एविएशन सर्विसेस गुलमोहर त्रिलंगा भोपाल, यूनिवर्सल एयरवेज, मेहराम नगर दिल्ली केंट, ओएसएस एयर मेनेजमेंट सेक्टर 13 द्वारका नई दिल्ली, विंडबोर्न एविएशन, सेक्टर 12 द्वारका नई दिल्ली, जेट सर्व एविएशन, गुरुग्राम हरियाणा और रेडबर्ड एयरवेज प्रालि महिपालपुर नई दिल्ली शामिल है।

### हर साल निजी कंपनियों का एम्पेनलमेंट

राज्य सरकार अपने विमानन विभाग के माध्यम से हर साल निजी एविएशन कंपनियों का एम्पेनलमेंट करती है। इसके लिए एक्सप्रेशन ऑफइंट्रेस्ट, एओआइ जारी किया जाता है। ये निजी कंपनियां अपने यहां उपलब्ध विमान एवं हेलीकॉप्टर तथा उनके किराए की जानकारी देती हैं तथा इसके बाद इनका एम्पेनलमेंट किया जाता है। इन कंपनियों से ही किराए के विमान एवं हेलीकाप्टर लिए जाते हैं। इनका प्राथमिकता क्रम भी निर्धारित किया जाता है तथा जो कंपनी उपलब्धता नहीं बताती है, उसके नीचे के क्रम वाली कंपनी से विमान किराए पर लिया जाता है।

जेट विमान खरीदने की तैयारी

प्रदेश सरकार ने नया मिड साइज जेट खरीदी की तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। यह नया जेट हाईटेक सुविधाओं से लैस होगा। इसकी रफ्तार भी पहले वाले विमान से तेज होगी। यह महज 35 से 40 मिनट में ही भोपाल से दिल्ली पहुंचा देगा। बताया जा रहा है कि इस नए जेट में 2 पायलट और 9 पैसेंजर्स के बैठने की क्षमता होगी, जबकि इसकी लागत करीब 250 से 300 करोड़ के बीच होगी। नए जेट में छोटा सा किचन और चेयर फोल्डिंग सिस्टम होगा। इसके अलावा यह 2000 नॉटिकल माइल्स तक बिना रीफ्यूलिंग के सफर कर सकेगा। इसके लिए टेंडर भी जारी किया जा चुका है।

# राष्ट्रपति मुर्मु आज इंदौर आएंगी, कल करेंगी महाकाल के दर्शन

भोपाल। मप्र में आज से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दो दिवसीय के दौरे पर आ रही हैं। राष्ट्रपति यहां इंदौर में आज मृगनयनी एम्पोरियम जाएंगी। वे रात्रि विश्राम रेसीडेंसी कोठी में करेंगी। अगले दिन यानि गुरुवार को वे उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर में दर्शन करनें पहुंचेंगी। इसके बाद उज्जैन में स्वच्छताकर्मी सम्मान समारोह में शामिल होंगी और इंदौर-उज्जैन फोरलेन सड़क निर्माण का भूमिपूजन भी करेंगी। फिर इंदौर लौटकर डीएवीवी के कार्यक्रम में शामिल होंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की इंदौर दो दिन मेजबानी करेगा। राष्ट्रपति तय कार्यक्रम अनुसार 18 सितंबर को शाम 4.50 बजे जयपुर से इंदौर पहुंचेंगी। दो दिन इंदौर और उज्जैन के दौरे पर रहेंगी। एयरपोर्ट से लेकर मृगनयनी एम्पोरियम, रेसीडेंसी और कार्यक्रम स्थल डीएवीवी तक चप्पे-चप्पे पर कड़ी सुरक्षा रहेगी। राष्ट्रपति जिस रास्ते से गुजरेंगी, वहां पर पुलिस जवान तैनात किए हैं। राष्ट्रपति उज्जैन महाकाल दर्शन के लिए भी जाएंगी। राष्ट्रपति मुर्मु तय कार्यक्रम के अनुसार जयपुर से शाम 4.50 बजे इंदौर एयरपोर्ट पहुंचेंगी। एयरपोर्ट पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री अगवानी के लिए मौजूद रहेंगे। यहां से वह सड़क मार्ग से एमजी रोड स्थित मृगनयनी एम्पोरियम पहुंचेंगी और शिल्पकारों से चर्चा करने के अलावा परंपरागत साड़ियों का कलेक्शन भी देखेंगी। रात्रि विश्राम के लिए राष्ट्रपति का काफिला रेसीडेंसी कोठी पहुंचेगा। यहां गणमान्य लोगों से मुलाकात भी राष्ट्रपति करेंगी। 19 सितंबर को सुबह नौ बजे रेसीडेंसी कोठी में पौधा लगाएंगी और उज्जैन के लिए रवाना होंगी। राष्ट्रपति मुर्मु महाकाल दर्शन और पूजन के लिए 11.30 बजे पहुंचेंगी। करीब 45 मिनट राष्ट्रपति महाकाल मंदिर में रहेंगी। इससे पहले उज्जैन में वह स्वच्छताकर्मी सम्मान समारोह में शामिल होंगी। इस दौरान इंदौर-उज्जैन फोरलेन सड़क निर्माण का भूमिपूजन भी करेंगी। दोपहर 1.10 बजे इंदौर एयरपोर्ट पहुंचकर रेसीडेंसी कोठी जाएंगी। डीएवीवी के दीक्षा समारोह में मेडल देंगी राष्ट्रपति राष्ट्रपति रेसीडेंसी से अपराह्न 3.20 बजे डीएवीवी के दीक्षा समारोह में शामिल होंगी। यहां एक घंटा रुककर डीएवीवी के छात्रों को मेडल देंगी।

# ग्रहण के बाद आज शाम को चमकेगा चंद्रमा

भोपाल। आज चद्रग्रहण के बाद आज शाम को चंद्रमा बहुत चमकदार होगा। बुधवार रात में आकाश चंद्रमा पृथ्वी के नजदीक रहते हुए सुपरमून के रूप में चमकेगा। यह जानकारी देते हुए नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि पृथ्वी के चारों ओर अंडाकार पथ में परिक्रमा करता पूर्णिमा का चंद्रमा जब पास के बिंदु पर होता है तो चंद्रमा बड़ा और चमकदार दिखता है , इसे सुपरमून कहते हैं। सारिका ने बताया कि चंद्रमा माह में एक दिन पृथ्वी से सबसे दूर होता है इसे अपोजी कहते हैं तो एक दिन पास के बिंदु पर आ जाता है इसे पेरिजी कहते है। बुधवार के इस सुपरमून को कार्नमून, हार्वेस्ट मून भी नाम दिया गया है। खास बात यह है कि भारतीय समय के अनुसार सुबह सबेरे पश्चिमी भारत के नगरों में चंद्रमा पर उपछाया ग्रहण की खगोलीय घटना होने के बाद शाम को वह सुपरमून के रूप में तेज चमक के साथ आकाश में वापसी करेगा। आज पूनम का चांद पेरिजी की स्थिति में होगा। इस समय चंद्रमा की पृथ्वी से दूरी लगभग तीन लाख 57 हजार 286 किमी होगी।

# पेंच नेशनल पार्क पहुंचेंगे देश भर से धावक

भोपाल। सिवनी के पेंच राष्ट्रीय उद्यान और मोगली, बघीरा के घर में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाने साहसिक गतिविधियां कराई जा रही हैं। ट्रैकिंग के बाद अब मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड व पेंच टाइगर रिजर्व के संयुक्त प्रयास से यहां पहली बार मोगली लैंड हाफ मैराथन 22 सितंबर को होगी। मैराथन के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया चल रही है। अब तक देश के अलग-अलग शहरों से कई धावक हाफ मैराथन में भाग लेने रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं।

हाफ मैराथन के लिए तीन वर्ग बनाए गए हैं। पहला मोगली की चुनौती (21.1 किलोमीटर), दूसरी बघीरा का पानी छींटा (10 किमी) व तीसरा बालू की फन रन, (पांच किमी) है। मप्र टूरिज्म बोर्ड की पहल पर देश- प्रदेश के धावकों को पेंच जंगल में रोमांचक दौड़ में हिस्सा लेने का अवसर मिला है। इस दौड़ में एक हजार से अधिक धावकों के शामिल होने की संभावना है। जंगल के अंदर हरे-भरे रास्तों पर रोमांचक हाफ मैराथन दौड़ पर्यटकों व धावकों के लिए जीवन का यादगार आयोजन रहेगा।

### वन्यप्राणियों पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

पेंच टाइगर रिजर्व के वन्यप्राणियों पर आधारित वन्यजीव संरक्षण डिजिटल पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। इस प्रतियोगिता में कोई भी नागरिक, विद्यार्थी अपनी रचनात्मक क्षमता का उपयोग कर कलाकृति पर एक पोस्टर बना सकते हैं। डिजिटल पोस्टर में ऐसे दृश्य होने चाहिए, जिससे प्राकृतिक दुनिया को संरक्षित करने के बारे में कुछ संदेश भी हो। जीवंत रंगों से लेकर विचारोत्तेजक शब्दों तक लोगों को संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा सकता है। पोस्टर जमा करने की अंतिम तिथि 29 सितंबर है। इसमें प्रतिभागी विजेताओं को 10 हजार रुपये तक के पुरस्कार दिया जाएगा। कोई भी रचनात्मक कलाकृति या तो हाथ से बनाई हो या किसी डिजिटल उपकरण से बनाई हो उसे उच्च रिजाल्यूशन डिजिटल प्रारूप में भेजा जाए,ताकि भविष्य में उसे प्रिंट किया जा सके। अधिक जानकारी के लिए व अपनी उत्कृष्ट कृति प्रस्तुत करने पेंच टाइगर रिजर्व से संपर्क किया जा सकता है। मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के एएमडी बिदिशा मुखर्जी का कहना है की मानसूनी सीजन में पेंच टाईगर रिजर्व में पर्यटन गतिविधियों का एक हिस्सा मैराथन दौड़ है। इसको लेकर धावकों में उत्साह है।

# गाय को पशु की लिस्ट से हटाकर राष्ट्रमाता का दर्जा दिया जाए

## शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद अयोध्या से निकालेंगे यात्रा

भोपाल। गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की एक बार फिर मांग उठने लगी है। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के प्रतिनिधि ब्रह्मचारी मुकुन्दानन्द ने बुधवार को प्रेसवार्ता की। इस दौरान उन्होंने मांग करते हुए कहा कि गाय को पशु की लिस्ट से हटाकर राष्ट्रमाता का दर्जा दिया जाए। आगे कहा कि मुझे हिन्दू कहने में शर्म महसूस होती है। हर दिन स्लॉटर हाउस में 80 हजार गाय की हत्या हो रही है। इसे लेकर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी यात्रा निकालेंगे। ब्रह्मचारी मुकुन्दानन्द ने जानकारी देते हुए आगे कहा कि 22 सितंबर को अयोध्या से यात्रा शुरू होगी। 36 प्रदेशों की राजधानियों में गो प्रतिष्ठा ध्वज स्थापित करेंगे। 8 अक्टूबर को शंकराचार्य भोपाल पहुंचेंगे। भोपाल के मानस भवन में जनसभा होगी।

ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी के निर्देशन एवं नेतृत्व में संपूर्ण भारत में गौ प्रतिष्ठा आंदोलन के अंतर्गत गो ध्वज स्थापना भारत यात्रा दिनांक 22 सितंबर से 26 अक्टूबर तक होनी निश्चित हुई है। जो भारत के समस्त 36 प्रदेशों की राजधानियों तक जाएगी और वहां एक गो ध्वज की स्थापना की जाएगी। गो प्रतिष्ठा आंदोलन के संयोजक पूज्य गोपाल मणि जी महाराज भी पूरे समर्पण और शक्ति के साथ यात्रा की सफलता हेतु प्राण-प्रण से शंकराचार्य जी के साथ हर कदम में साथ रहेंगे।

प्रत्येक राज्य की राजधानियों में विशाल गो प्रतिष्ठा सम्मेलन का दिव्य भव्य आयोजन होगा। इसका श्रीगणेश गोरक्षक, गोभक्त भगवान श्रीराम जी की राजधानी अयोध्या से होगा जहां भगवान रामलला के रूप में विद्यमान हैं जहां से यह पूर्व, पश्चिम, दक्षिण, उत्तर होते हुए 26 अक्टूबर को देश की राजधानी दिल्ली में होगी। पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य जी समस्त भारत के प्रखर गोभक्तों को सम्मानित करेंगे।

12 बजे से 3 बजे तक गो ध्वज की स्थापना

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में पूज्य शंकराचार्य स्वामिश्री अविमुक्तेश्वरानंद जी 8 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक गो ध्वज की स्थापना और गो महासभा को संबोधित करेंगे। इसके उपरांत वो अग्रिम यात्रा हेतु तेलंगाना को प्रस्थान करेंगे। इस गो ध्वज स्थापना भारत यात्रा का लक्ष्य संपूर्ण भारत में गो प्रतिष्ठा आंदोलन हेतु समस्त राष्ट्र के गोभक्त हिन्दुओं को जागृत कर एक सूत्र में पिरोने का है और गोमाता की दुर्गति, गो हत्या के कलंक को मिटाकर पशु के अपमान से हटा कर राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाना है। इस गो ध्वज स्थापना पद यात्रा का सूत्रवाक्य है गौ माता, राष्ट्र माता राष्ट्र माला, भारत माता।

# तहसीलदारों के संगठन में और बढ़ा विरोध

## आनलाइन वोटिंग से अध्यक्ष बने धर्मेंद्र के समर्थकों ने कहा, जरूरत पड़ी तो जाएंगे कोर्ट

भोपाल। चुनाव का समय नजदीक आने के साथ मध्यप्रदेश राजस्व अधिकारी (कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी) संघ के सीनियर और जूनियर अफसरों के बीच खटास बढ़ती जा रही है। अब संघ की वर्तमान कार्यकारिणी के विरोध में उतरे नायब तहसीलदार धर्मेंद्र सिंह चौहान के समर्थकों की ओर से कहा गया है कि यदि सीनियर मजबूर करेंगे तो कानूनी लड़ाई भी लड़ी जाएगी और संघ के पंजीयन से मान्यता मिलने तक के सारे दस्तावेज न्यायालय में पेश कराए जाएंगे। इनकी ओर से यह भी कहा गया है कि भोपाल में 22 सितम्बर को होने वाली चुनाव में शामिल होकर संघ की वर्तमान कार्यकारिणी के कामों का खुलासा किया जाएगा। आनलाइन वोटिंग से अध्यक्ष बने धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा है कि प्रभारी डिप्टी कलेक्टर बनने वाले या तो एसएएस के सदस्य रहें या फिर तहसीलदार (मप्र राजस्व अधिकारी) संघ की सदस्यता रखें।

सोशल मीडिया ग्रुप पर आनलाइन ग्रुप पर वोटिंग कराने के बाद अध्यक्ष बनाए गए इंदौर में पदस्थ नायब तहसीलदार धर्मेंद्र सिंह चौहान के निर्वाचन को तहसीलदार और नायब तहसीलदारों के संगठन मध्यप्रदेश राजस्व अधिकारी संघ की वर्तमान कार्यकारिणी ने अवैध घोषित किया है। उनके द्वारा 22 सितम्बर को चुनाव लड़ने के लिए तारीख तय की गई है। इस बीच चौहान को अध्यक्ष पद के लिए प्रमोट करने वाले अफसरों की ओर से एक बार फिर तहसीलदार से प्रभारी डिप्टी कलेक्टर बन चुके और संघ की वर्तमान कार्यकारिणी में शामिल तहसीलदारों को चुनौती दी गई है।

संघ के अफसरों के सोशल मीडिया ग्रुप पर वायरल मैसेज में कहा गया है कि संघ के वरिष्ठ लोगों को इस निचले स्तर तक नहीं आना था लेकिन जैसी उनकी मर्जी। असली बनाम नकली की लड़ाई मीडिया पर निराकृत नहीं होगी। इसका निराकरण सक्षम न्यायालय में होगा और यदि वरिष्ठ मजबूर करेंगे तो वहां यह लड़ाई लड़ी भी जायेगी।

# भोपाल रेलवे स्टेशन पर जल्द खुलेगा जन-औषधि केंद्र

भोपाल। आम लोगों को गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं बेहद सस्ती दरों पर मिल सकें, इसके लिए भोपाल रेल मंडल स्टेशन के बाहर जन-औषधि केंद्र खोलने जा रहा है। रेलवे की ओर से स्टेशनों पर भारतीय जन-औषधि परियोजना के तहत मेडिकल स्टोर खोले जा रहे हैं। इसके तहत भोपाल स्टेशन पर अगले एक-दो महीने में जन-औषधि केंद्र खोला जाएगा।

इसके बाद रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को दवा के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। वहीं, स्टेशन के आसपास रहने वाले लोग भी आसानी से सस्ते दामों पर दवा ले सकेंगे। इसको लेकर भोपाल रेल मंडल की ओर से टेंडर जारी कर दिया है। साथ ही स्थान भी चिह्नित कर लिया गया है। भोपाल स्टेशन परिसर में प्लेटफार्म एक की ओर नई बिल्डिंग के सामने जन-औषधि केंद्र खोला जाएगा। यहां केंद्र में आपात स्थिति में पहुंचने वाले मरीजों के उपचार, दवा का पर्चा बनाने के लिए विशेषज्ञ भी मौजूद रहेंगे। हालांकि इनके ड्यूटी टाइम को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। रेलवे की मंशा है कि सफर के दौरान बीमार होने वाले यात्रियों को दवा के लिए परेशान न होना पड़े। उन्हें प्लेटफार्म पर ही दवा मिल जाएं। वहीं, दूसरी ओर जन-औषधि केंद्र के जरिए जेनेरिक दवा को बढ़ावा मिले। इसलिए पहली बार स्टेशन के प्लेटफार्म पर दवा दुकानों को खोला जा रहा है। इन केंद्रों के स्ट्रक्चर बनाने की जिम्मेदारी रेलवे के ही स्टोर विभाग को सौंपी है।

# राजधानी फिर हुई शर्मसार

## 3 साल की मासूम से स्कूली टीचर ने किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

भोपाल। राजधानी के कमला नगर थाना इलाके में स्थित प्राइवेट स्कूल में 3 साल की मासूम बच्ची के साथ स्कूल के शिक्षक द्वारा ही दुष्कर्म किए जाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। पुलिस ने मासूम की मां की शिकायत पर आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। वही मामले में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कड़ी नाराजगी जताते हुए जांच के बाद स्कूल सिस्टम के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई किए जाने की बात कही है।



पुलिस के मुताबिक, घटना की शिकायत बच्ची की माँ द्वारा सोमवार को की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने स्कूल पहुंचकर जानकारी जुटाई। बताया गया है, आरोपी कासिम रेहान आइटी का शिक्षक है। बच्ची की मां ने शिकायत में बताया, दो दिन पहले बच्ची स्कूल से घर पहुंची तो उसके प्राइवेट पार्ट पर चोट के निशान दिखे थे। बाद में वह स्कूल प्रबंधन से शिकायत करने पहुंची और संबंधित शिक्षक नाम भी बताया, लेकिन स्कूल प्रबंधन ने शिकायत पर ध्यान नहीं दिया। अधिकारियों का कहना है, कि आरोपी स्कूल शिक्षक पर दुष्कर्म की धाराओं में केस दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# इंजीनियरिंग कॉलेजों में ईडब्ल्यूएस की आधी से ज्यादा सीटें खाली

## 139 इंजीनियरिंग कॉलेजों में 72 हजार सीटों पर विद्यार्थियों को दिया जा रहा प्रवेश

भोपाल। प्रदेश के 139 इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए कालेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) प्रक्रिया जारी है। इसमें 72 हजार सीटों में से अभी तक 40 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। करीब 32 हजार सीटें अभी खाली हैं। अब कालेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) से सीटें भरने की संभावना है। इसमें सबसे अधिक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग (सीएसई) ब्रांच को विद्यार्थी पसंद कर रहे हैं। इसमें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) की साढ़े छह हजार में से ढाई हजार सीटें भरी हैं। अभी भी साढ़े तीन हजार सीटें रिक्त रह गई हैं, जो रिक्त ही रहेंगी, क्योंकि उक्त सीटें सिर्फ केंद्रीय काउंसलिंग से भरी जाती हैं। वहीं ट्यूशन फीस वेबर स्कीम (टीएफडब्ल्यू) की 80 फीसदी सीटों पर प्रवेश हुए हैं। इसमें 20 फीसदी विद्यार्थियों ने छोटे स्तर के कालेज और अपनी पसंद के ब्रांच नहीं मिलने के कारण कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग (सीएसई) में फीस देकर बड़े कालेजों में प्रवेश लिए हैं। वहीं ईडब्ल्यूएस में महज 37 फीसद सीटों पर ही प्रवेश हो सके हैं। इस बार 63 फीसद सीटें रिक्त रहने की संभावना है।

प्रदेश के 139 कालेजों में तीन से 12 सीटें टीएफडब्ल्यू में दी गई हैं। दो चरण की केंद्रीय काउंसलिंग और सीएलसी में 1,784 सीटों में से 1,425 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिए हैं। कालेज संचालकों से सीएस, मैकेनिकल और आइटी में सबसे ज्यादा टीएफडब्ल्यू की सीटें ली हैं। उक्त प्रवेश में 60 फीसद विद्यार्थियों ने सीएसई की सीट पर प्रवेश लिए हैं। वहीं सीएसई नहीं मिलने की दशा में विद्यार्थियों ने आईटी में प्रवेश लेकर समझौता किया है, ताकि वे अगले वर्ष तीसरे सेमेस्टर में आकर अपनी ब्रांच को सीएसई में बदल सकें। इसके अलावा कई विद्यार्थियों ने मैकेनिकल में प्रवेश लिए हैं, जिन्हें सीएसई और आइटी में कोई दिलचस्पी नहीं है।

# सांसद श्रीमती पारधी ने ग्राम पंचायत मंडई में किया श्रमदान



बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। जिले में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत गतिविधियों का क्रियान्वयन निरंतर जारी है। बुधवार को बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र सांसद श्रीमती भारती पारधी ने ग्राम पंचायत मंडई में श्रमदान कर एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण भी किया। साथ ही स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। जिसमें ग्रामीणों ने प्रति वर्ष 100 घंटे श्रमदान के रूप में कार्य करने की शपथ ली बच्चों एवं ग्रामीणों के द्वारा रैली का आयोजन किया गया ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर इस कार्यक्रम में भाग लिया।

# तहसीलदार,नायब तहसीलदारों की हड़ताल शुरू

## जबलपुर के तहसीलदार के विरुद्ध हुई कार्रवाई का जताया विरोध, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, हड़ताल से राजस्व के कार्य होंगे प्रभावित

बालाघाट ( पद्मेश न्यूज़ )। मध्यप्रदेश राजस्व अधिकारी कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले बुधवार को जिले के समस्त तहसीलदार व नायब तहसीलदारों ने कलेक्टर मृणाल मीणा को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरु कर दी है। जिले के तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों के हड़ताल पर चले जाने से न सिर्फ राजस्व से संबंधित कार्य प्रभावित होंगे बल्कि हितग्राहियों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। इस दौरान उन्होंने हरिसिंह धुर्वे तत्कालीन तहसीलदार पीठासीन अधिकारी आधारताल जबलपुर के विरुद्ध निजी भूमि के राजस्व न्यायालय के नामांतरण प्रकरण में जिला प्रशासन द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर को अपास्त किए जाने की मांग की हैं।



### शासन से नहीं ली अनुमति आचरण संहिता का किया गया उल्लंघन

प्रदर्शनकारी कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि पीठासीन अधिकारी द्वारा राजस्व न्यायालय में पारित किए गए निर्णय को दोषपूर्ण मानते हुए अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा निरस्त किया गया है। उक्त निर्णय को आधार बनाकर कलेक्टर ने समस्त शासन के परिपत्र एवं निर्णय न्यायिक संरक्षण अधिनियम, सिविल सेवा आचरण अधिनियम को दरकिनार करते हुए सीधे पीठासीन अधिकारी के विरुद्ध अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से एफआईआर दर्ज करवाई गई है। उक्त एफआईआर दर्ज करवाने के पूर्व कलेक्टर ने शासन से अनुमति प्राप्त नहीं की जो कि आचरण संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है। जिसके चलते ही इसका विरोध जताया जा रहा है और इस एफआईआर को अपास्त किए जाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरु की गई हैं।

### जब तक मांग पूरी नहीं होगी तब तक जारी रहेगी अनिश्चितकालीन हड़ताल-अहिरवार

अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर की गई चर्चा के दौरान बालाघाट तहसीलदार भूपेन्द्र सिंह अहिरवार ने बताया कि प्रदेश के समस्त राजस्व अधिकारी विधि द्वारा स्थापित भू राजस्व संहिता के तहत संचालित राजस्व न्यायालयों के पीठासीन अधिकारी की सीमा में धारा 32 के तहत कार्य करते है। एवं अपने पदीय दायित्व के अतिरिक्त शासन के 56 विभागों की योजनाओं का क्रियान्वयन भी करते हैं। इसका उदाहरण विधानसभा एवं लोकसभा निर्वाचनों के उपरांत राजस्व अभियान 1 तथा 2 में किए गए लाखों नामांतरण, बटवारा, नक्शा तरमीम, आदि सीएमएस पोर्टल पर परिलक्षित है। ऐसे में ऐसे प्रकरणों में परिपत्र सामान्य प्रशासन विभाग वर्ष 2009 के तहत गृह सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति में विचार उपरांत कार्रवाई किया जाना चाहिए। वहीं न्यायिक संरक्षण अधिनियम 1985 की धारा 3,2 के तहत राजस्व न्यायालय के पीठासीन अधिकारियों को न्यायिक संरक्षण प्राप्त है। ऐसी स्थिति में ही पीठासीन अधिकारी एवं तहसीलदार आधारताल द्वारा राजस्व न्यायालीन प्रकरण में आदेश पारित कर निज स्वामित्व की भूमि का वसीयत नामांतरण निष्पादित किया गया। जिसे अपीलीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आधारताल द्वारा अपील प्रकरण में सुनवाई कर आदेश पारित कर न्यायालय तहसीलदार के आदेश को निरस्त कर दिया गया। उपरोक्त कार्रवाई संहिता के प्रावधान के तहत की जाने वाली कार्रवाई है जो इस प्रकरण में भी की गई है। लेकिन 12 सितंबर 2024 को बिना किसी विभागीय अनुमति के अनुविभागीय अधिकारी आधारताल जबलपुर द्वारा पीठासीन अधिकारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई एवं आनन-फानन में पीठासीन अधिकारी को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद 13 सितंबर को कलेक्टर द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव अग्रेषित कर समान तिथि को ही पीठासीन अधिकारी को गिरफ्तारी के दौरान ही निलंबित किया गया जो कि न्यायोचित नहीं हैं। इसीलिए हम सभी आज से ही अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे हैं और जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होगी तब तक हमारी यह अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी।

# कागजों में सिमट कर रह गया सूचना का अधिकार अधिनियम ?

## आरटीआई अधिनियम के तहत नहीं दी जा रही जानकारी, बैहर तहसील से आए युवाओं ने सौपा ज्ञापन, वैधानिक कार्यवाही किए जाने की करी मांग

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अब लोगों को सूचना नहीं दिला पा रहा है। आए दिन किसी ना किसी विभाग से सूचना नहीं मिलने की शिकायतें आला अफसरों के पास पहुंच रही हैं, लेकिन कार्रवाई तब भी नहीं होती। वही लोग, आरटीआई अधिनियम के तहत मांगी गई जानकारी पाने के लिए अक्सर शासकीय कार्यालय के चक्कर काटते नजर आते हैं।लम्बे समय तक सरकारी विभागों के चक्कर काटने के बाद भी लोगों को समझ नहीं आ रहा है कि वे शिकायत करें तो किससे ? एक ऐसा ही मामला, बैहर तहसील में सामने आया है जहां अवैध प्लाटिंग ,अवैध नामांतरण और किस आधार पर भूमि का नामांतरण किया गया इसकी आरटीआई के तहत मांगी गई जानकारी समय सीमा के भीतर अधिकारियों द्वारा नहीं दी जा रही है। जिस पर अपनी आपत्ति जताते हुए स्थानीय युवाओं ने कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंप कर संबंधितों पर वैधानिक कार्यवाही किए जाने और मांगी गई जानकारी तत्काल उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।



### क्या कहता है कानून सूचना अधिकार अधिनियम

आपको बताए कि 2005 की धारा 7 (1) के तहत 30 दिन के अंदर पूर्ण सूचना देने का प्रावधान है। 30 दिन के अंदर सूचना ना मिलने पर एक्ट की धारा 19 (1) के तहत प्रथम अपील देने का प्रावधान है तथा प्रथम अपील का निपटारा 19 (6) के अनुसार 30 दिनों के अंदर होना चाहिए। सूचना नहीं देने पर एक्ट की धारा 20 (1) के तहत जुर्माना लगाने का अधिकार राज्य सूचना आयोग के पास है। एक्ट की धारा 20 (2) के अनुसार सूचना नहीं देने वाले या गलत सूचना देने वाले अधिकारी/कर्मचारी के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई करने का अधिकार भी राज्य सूचना आयोग के पास ही है। राज्य सूचना आयोग कार्रवाई न करे तो एक्ट में आगे कोई प्रावधान नहीं है। इतना सारा नियम होने के बावजूद भी लोगों को आरटीआई के तहत जानकारी उपलब्ध नहीं हो पा रही है। जिसकी शिकायत इन युवाओं द्वारा कलेक्ट्रेट में एक ज्ञापन सौपकर पर की गई है।

### सूचना न मिलने पर युवाओं ने जताई आपत्ति

कलेक्ट्रेट कार्यालय में सौंपे गए इस ज्ञापन में आरटीआई के तहत जानकारी समय सीमा पर न मिलने पर आपत्ति जताते हुए युवाओं ने औपचारिक चर्चा के दौरान बताया कि सूचना के अधिकार के तहत तहसील कार्यकाल में किए गए नामांतरण आदेशो की जानकारी चाही गई,जो तहसीलदार के कार्यकाल से नहीं दी जा रही है बालाघाट जिले अंतर्गत तहसील बैहर पांचवी अनुसूची क्षेत्र है जहां की अवैध कालोनी का निर्माण नहीं किया जा सकता। नियमो का उल्लंघन कर तहसीलदार रोहित विश्वकर्मा द्वारा अपना संरक्षण दे कर अवैध कॉलोनी का निर्माण करवाया जा रहा है।अवैध कॉलोनी में जिन व्यक्तियों द्वारा रिश्वत दी जाती है उनका नामांतरण आदेश पारित कर दिया जाता है एवं जिन व्यक्तियों द्वारा रुपए नही दिए जाते उनका आदेश निरस्त कर दिया जाता है, युवाओं को आरोप है कि क्षेत्र के आदिवासी सिर्फ दैनिक मजदूरी व कृषि पर है आश्रित है तहसीलदार रोहित विश्वकर्मा द्वारा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में आदिवासियों का आर्थिक और मानसिक रूप से शोषण किया जा रहा है।तहसीलदार रोहित विश्वकर्मा से इस विषय में सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी गई परंतु 23-07-2024 से आज दिनांक तक कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई जिससे की उनकी भूमिका स्पष्ट नजर आती है। उन्होंने बताया कि धारा 41 कोलोनाइजर एक्ट के तहत कितने पंजीकृत व्यक्ति है बैहर में एवम कितने अवैध है व कितने लोगो पर कब कब कार्यवाही की गई है उनका जवाब भी नहीं दिया गया है।

### तत्काल जानकारी उपलब्ध कराई जाए- दीपेश

ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान युवा दीपेश अगासे ने बताया कि बैहर तहसील अंतर्गत अवैध प्लाटिंग ,अवैध नामांतरण का धंधा चल रहा है। किस आधार पर नामांतरण किया गया है इन सब की जानकारी सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत मांगी की गई थी। आरटीआई के तहत मांगी गई जानकारी हमे नहीं मिल रही है जबकि उक्त जानकारी के लिए 23 जुलाई को आवेदन किया गया था जिसकी जानकारी आज दिनांक तक नहीं मिल पाई है। इसकी शिकायत करने आज कलेक्टर कार्यालय आए हैं हमारी मांग है कि जो जानकारी तहसील कार्य से मांगी गई है वह हमें तत्काल उपलब्ध कराई जाए।

# ग्रामीण पुलिस ने एक जिला बदर को नेतरा में किया गिरफ्तार



बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। ग्रामीण पुलिस ने ग्राम नेतरा में एक जिला बाजार को गिरफ्तार किया गिरफ्तार जिला बदर घनश्याम पिता इग्लू किशोर लिल्हारे 28 वर्ष ग्राम नेतरा निवासी है। ग्रामीण पुलिस के मुताबिक घनश्याम लिल्हारे को उसकी अपराधी गतिविधियों को देखते हुए जिला दंडाधिकारी के द्वारा उसे एक वर्ष की कालावधि के लिए बालाघाट जिले की सीमा से बाहर किया गया था। किंतु जिला दंडाधिकारी बालाघाट के जिला बदर आदेश का उल्लंघन कर घनश्याम लिल्हारे अपने गांव नेतरा आ गया था। 17 सितम्बर की रात्रि मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली की ग्राम नेतरा में गणेश पंडाल के पास जिला बदर बदमाश जिलाबदर आदेश का उल्लघंन करता हुआ घूमता देखा गया है। जो त्योहार में गड़बड़ी फैला सकता हैंम जो सुचना की तस्दीक करने पर पुलिस रेड में ग्राम नेतरा स्कूल चौक के पास से आरोपी घनश्याम पिता इग्लू किशोर लिल्हारे 28 वर्ष नि ग्राम नेतरा निवासी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए उसे माननीय न्यायालय बालाघाट में पेश किया गया है। इस जिला बदर घनश्याम लिल्हारे के विरुद्ध 223 भारत की न्याय संहिता और धारा 14 रासुका 1990 के तहत कार्रवाई की गई है इस मामले में थाना प्रभारी सुनील चतुर्वेदी हमराह बल आरक्षक आशुतोष, आरक्षक लोचन एवं आरक्षक अक्षित ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# पुलिस की तैयारी कर रहे युवाओं ने दिया ओपन ट्रॉयल

## युवाओं को देशसेवा के लिए तैयार कर रहा खाकी वारियर ग्रुप

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। आगामी 23 सितंबर से 09 नवंबर तक मध्य प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के लिखित परीक्षा में चयनित हुए अभ्यर्थियों के द्वितीय चरण में फिजिकल टेस्ट परीक्षा होना है, जिसमें अभ्यर्थियों को परीक्षा से पूर्व युवाओं को सेना और पुलिस सेवा के लिए तैयार कर रहे वारियर ग्रुप और रक्षिका डिफेंस एकेडमी ने बुधवार को नगर के मुलना मैदान में युवाओं के लिए ओपन फिजिकल ट्रायल आयोजित किया। जिसमें युवाओं ने दौड़, लंबी कूद और गोला फेंक में अपनी टेस्ट दिया। दरसअसल, खाकी वारियर ग्रुप ट्रेनर दिनेश धुर्वे, पिछले एक साल से निस्वार्थ भाव से युवाओं को सेना और पुलिस के लिए नि:शुल्क ट्रेनिंग दे रहे है। जिसमें पुलिस, एसएससी जीडी और अग्निवीर के लिए अभ्यार्थियों को वह तैयार कर रहे है। चूंकि यह सेना और एसएससीजीडी प्रतियोगिता परीक्षा में फिजिकल क्वालिफाईड है। बकौल दिनेश धुर्वे बताते है कि अपने साथ-साथ वह इस माध्यम से अन्य युवाओं का देशसेवा में जाने का सपना पूरा करना चाहते है। वर्तमान में वह रक्षिका डिफेंस एकेडमी कोच जयश्री सोनवाने के सहयोग से अभ्यार्थियो को फिजिकल का ओपन ट्रायल दिलवा रहे है। जिसमें धनेन्द्र बनोटे, योगेश नगपुरे, शिव भलावे, प्रकाश मेरावी, मिथिलेश, सुनील का सहयोग रहा।ओपन ट्रायल में शामिल कई युवा और युवतियों ने अपना अच्छा परफारमेंस दिया। जिससे उम्मीद जागी है कि बालाघाट से पुलिस सेवा में कई अभ्यार्थियों को अवसर मिलेगा।



# चीन को मात देकर भारतीय हॉकी खिलाड़ियों ने जीती एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी

## नेहरू स्पोर्टिंग क्लब अध्यक्ष ने जताया हर्ष

बालाघाट (पद्मेश न्यूज)। चीन में आयोजित एशियन चैम्पियंस हॉकी प्रतियोगिता ने भारत की टीम ने चीन को फाइनल मैच में हराकर चैम्पियंस ट्राफी जीतकर इतिहास रच दिया है। भारतीय हॉकी टीम की इस शानदार जीत पर जिले के हॉकी खिलाड़ियों व नेहरू स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष किरण भाई त्रिवेदी, हॉकी मध्यप्रदेश उपाध्यक्ष विजय वर्मा सहित क्लब के सभी पदाधिकारियों ने भारतीय टीम के सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुये हर्ष व्यक्त किया है। इस संबंध में नेहरू स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष किरण भाई ने बताया कि ये सभी देशवासियों के लिये गर्व की बात है कि भारतीय टीम ने हॉकी में एशियन चैम्पियनशिप में चीन को हराकर स्वर्ण पदक जीता है। इससे सभी हॉकी खिलाड़ियों में हॉकी खेल के प्रति उत्साह व नई ऊर्जा का संचार होता है। काफी लंबे समय के बाद भारत ने हॉकी में स्वर्ण पदक जीता है जिससे हॉकी खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल है। उन्होंने बताया कि नेहरू स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने के बाद जिले के हॉकी खिलाड़ियों के हॉकी खेल को आगे बढ़ाने व खिलाड़ियों को हर संभव मदद करने का प्रयास किया जाता है। जिले के हॉकी खिलाड़ी भी बेहतर खेल का प्रदर्शन कर पदक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन कर रहे है। उन्होंने बताया कि जल्द ही एस्टोटर्फ मैदान का कार्य पूर्ण हो इसका क्लब के सभी पदाधिकारियों द्वारा प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मेरे पिता स्वर्गीय रमणिकलाल त्रिवेदी भी नेहरू स्पोर्टिंग क्लब के संस्थापक थे। जिससे मेरा पूरा प्रयास है कि टर्फ मैदान तैयार होते ही अखिल भारतीय स्वर्ण कप हॉकी टूर्नामेंट भव्य स्तर पर कराया जाएंगा। जिस तरह जिले का हॉकी टूर्नामेंट पूरे देश में मशहूर था और जिले का दूसरा स्थान था उसी तरह टूर्नामेंट का आयोजन कर पुन: जिले का देश में रोशन हो सकें। जिले के हॉकी खिलाड़ी भी बेहतर खेल का प्रदर्शन कर जिले का नाम पूरे देश में गौरान्वित करें। भारत की हॉकी टीम द्वारा एशियन चैम्पियंस ट्राफी का खिताब जीतने पर नेहरू स्पोर्टिंग क्लब के संरक्षक रमेश रंगलानी, अभय सेठिया, ऋषभ वैद्य, प्रकाश चतुरमोहता, पूरनसिंह भाटिया, प्रमोद तिवारी, अशोक मोदी, मोती कोचर, दिनेश बढ़ई, दीपक श्रीवास्तव, अशोक मोदी, पूर्व नपाध्यक्ष अनिल धुवारे, संजय मिश्रा, जिला सचिव सुशील वर्मा, मकरंद अंधारे, तुषार मानकर, रमेश उके, रमेश इंगले, सुब्रत राय, अरविंद जायसवाल, राजेश सेवईवार, हॉकी प्रशिक्षक सुनीता सिद्दीकी, सत्यम बरडे, सत्यम वर्मा, अजय वर्मा सहित अन्य ने हर्ष व्यक्त कर बधाईयां दी है।



# धारा 137( 2 ) एवं धारा 103( 1 ) के प्रकरण में इनामी राशि घोषित

बालाघाट ( पद्मेश न्यूज़ )। पुलिस अधीक्षक नागेन्द्र सिंह ने अज्ञात फरार आरोपी पर ईनामी राशि की घोषणा की है। थाना किरनापुर अंतर्गत 14 अगस्त 24 को करीब 12 बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने पर धारा 137(2) का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। अपहृता की दस्तयाबी एवं अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी के हर संभव प्रयास किये जाने पर भी कोई पतासाजी नही हो पायी है। जिसकी सूचना बताने वाले व्यक्ति को 3000 रुपये की इनामी राशि देने की घोषणा की गई है। वहीं थाना कटंगी अंतर्गत नवविवाहिता मृतिका की किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या करने पर आरोपी के विरुद्ध धारा 103( 1) का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। जिसकी सूचना लिखित या मौखिक रूप से बताने वाले व्यक्ति को एसपी श्री नागेंद्र सिंह द्वारा 5000 रुपये की इनामी राशि प्रदान की जाएगी। सूचना लिखित, मौखिक अथवा दूरभाष न. 07632-210021, 241800, 7587605598 पर बतायी जा सकती है।

# स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता अंतर्गत निकली साईकिल रैली

बालाघाट ( पद्मेश न्यूज )। कलेक्टर मृणाल मीणा के नेतृत्व में जिले में स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता की थीम पर बुधवार को साईकिल रैली का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन एवं खेल और युवा कल्याण विभाग बालाघाट तथा नगर पालिका बालाघाट के संयुक्त तत्वाधान में सुबह 8 बजे साइकिल रैली का आयोजन मुलना स्टेडियम मैदान से रानी दुर्गावती चौक, जयस्तंभ चौक, काली पुतली चौक व अंबेडकर चौक से होते हुए वापस स्टेडियम में ही समाप्त की गई। रैली का नेतृत्व नपा अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर द्वारा किया गया। इस दौरान उनके साथ सीएमओ निशांत श्रीवास्तव, स्वच्छता अभियान एम्बेसडर, नपा उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, नगर पालिका परिषद के समस्त वरिष्ठ पदाधिकारी, कर्मचारियों एवं खिलाड़ियों, खेल विभागीय के कर्मचारियों का भी सहयोग रहा। रैली में स्वच्छता के नारे लगाए गए। साथ ही स्वच्छता का संदेश देते हुए स्वच्छता के प्रति आमजन में जागरुकता लाने के उद्देश्य से उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में पड़ी पालीथीन, कचरे एकत्र कर, मैदान से लगे भवन परिसर, मंच की भी सफाई की गई । वहीं मुलना स्टेडियम परिसर में स्थित ओपन जिम में आने वाले युवाओं, खिलाड़ियों को निरन्तर व्यायाम एवं अभ्यास करने के लिए कहां गया।



# नवोदय में प्रवेश की अंतिम तारीख 23 सितम्बर

बालाघाट ( पद्मेश न्यूज़ )। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा 2025 के लिए ऑनलाईन फार्म भरे जा रहे है। जिसके अंतिम तारीख 23 सितंबर तक बढ़ाई गई है। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री रनबीर सिंह ने बताया कि कक्षा छठवी में 2025-26 में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन भरने की तिथि 16 सितम्बर 2024 तक थी, जिसको विद्यालय समिति द्वारा 23 सितम्बर तक बढ़ा दी गई है।ऑनलाईन आवेदन फार्म नवोदय विद्यालय समिति की बेवसाइट www.navodaya.gov.in and https:"chseitms.rell.gov.in/nv& पर भरा जा सकता है। कक्षा 6वी प्रवेश के लिए आवेदक का जन्म 01 मई 2013 से 31 जुलाई 2015 (दोनो तिथियां सम्मिलित) के बीच होना अनिवार्य है। साथ ही आवेदक सत्र 2023-24 में जिले के किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5 वी में अध्ययनरत एवं बालाघाट जिले का निवासी होना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, वारासिवनी में संपर्क किया जा सकता है।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.९, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट